# चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## सड़कों की सेहत जांचने के लिए शुरू हुआ संयुक्त सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए टिहरी जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा शुरू होने से पहले मार्गों की दशा सुधारने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में सभी संबंधित विभाग युद्धस्तर पर जुट गए हैं। प्रशासन का पूरा जोर इस बात पर है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और जनपद के वैकल्पिक मार्गों सहित प्रमुख चौराहों और पड़ावों पर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है। सड़कों की वास्तविक



स्थिति का आकलन करने और सुरक्षा मानकों को परखने के लिए एक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग (लोनिवि), राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएच) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारी मिलकर संयुक्त सर्वे कर रहे हैं। अब तक की कार्यवाही में प्रशासन ने ऋषिकेश-चंबा-कमंद- नगुण मोटर मार्ग, मुनि की रेती-कीर्तिनगर मोटर मार्ग, संतुरादेवी- केम्प्टी-यमुनापुल मोटर मार्ग, यमुनापुल-नैनबाग-दियाड़ी और सुवाखोली-नगुण मोटर मार्ग का सफल निरीक्षण कर लिया है। सर्वे के दौरान चिह्नित की गई कमियों को यात्रा शुरू होने से पहले दुरुस्त करने की योजना बनाई गई है, ताकि वाहनों का आवागमन निर्बाध रूप से हो सके। सिर्फ सड़कों की मरम्मत ही नहीं, बल्कि यातायात नियमों के पालन को लेकर भी प्रशासन सख्त रवैया अपना रहा है। एआरटीओ सत्येंद्र राज ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पिछले दिनों चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 82 वाहनों के चालान काटे गए, जबकि 2 वाहनों को सीज कर बंद किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि चारधाम यात्रा के दौरान लापरवाही बरतने वालों और नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सरोज की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गुलाबराय मैदान में चल रहे रुद्रनाथ महोत्सव के तीसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि पयायन आयोग की सदस्य रंजना रावत ने किया। नगर पालिकाध्यक्ष संतोष रावत ने सभी अतिथियों स्वागत कर उनका सम्मान किया। मेले में छात्रों ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। मेले के तीसरे दिन स्थानीय कलाकार सरोज देवी ने जागर की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनमोहन कप्रवाण ने अपनी सांस्कृतिक गीत की प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मां मठियाणा ग्रुप ने जीतू बग्डवाल नृत्य नाटिका एवं मंडाण ग्रुप बच्छणस्यूं ने पांडव नृत्य लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। इससे पहले सुबह उमरानारायण से गुलाबराय मैदान तक 11 किमी की ओपन मैराथन दौड का आयोजन किया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बालक वर्ग में भूपी अगस्त्यमुनि प्रथम, अंकुश अगस्त्यमुनि द्वितीय एवं पीयूष अगस्त्यमुनि तृतीय स्थान पर रहा। जबकि बालिका वर्ग में प्रियांशिका पुनाड़ प्रथम, सुजाता गुलाबराय द्वितीय एवं रिया पुनाड तृतीय स्थान पर रही। वहीं रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में नगर की विभिन्न महिला टीमों ने प्रतिभाग किया। वहीं तीसरे दिन की सांयकालीन सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक इन्द्र आर्य एवं दर्शन फर्स्वाण के नाम रही। कार्यक्रम में दर्शन फर्स्वाण ने हे नंदा, हे गौरा कैलाशों की जात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं इन्द्र आर्य ने शावरी शावरी से अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसके बाद तेरू लैहंगा, हे मधु, नथुली की डोर, ओल्ड फैशन समेत कई गीतों की जोरदार प्रस्तुतियां दी। लोक गायकों के गीतों पर देर सांय तक दर्शक आनंद लेते रहे। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष संतोष रावत, मेला समिति के अध्यक्ष अंकुर खन्ना, सभासद नमन शर्मा, सुरेंद्र रावत, नरेंद्र रावत, कविता पंवार, रवीना देवी, विनीता देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक चौधरी एवं अरूण बाजपेई ने संयुक्त रूप से किया।

## एक नजर...

### गंगा यमुना घाटी के जंगलों में धधक रही आग

**उत्तरकाशी।** जिले में लंबे समय से बर्फबारी और बारिश न होने से गंगा यमुना वैली के जंगलों इन दिनों आग से धधक रहें हैं। यमुना वन प्रभाग वन रेंज क्षेत्र की के जंगलों में बीते दो दिनों से लगातार आग लगी हुई है। उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी में जंगल इन दिनों आग के हवाले खूब धड़क रहे हैं। अपर यमुना वन प्रभाग से लेकर टौंस वन प्रभाग तक वनों में आग लगी है, आग से वन संपदा को भी नुकसान हो रहा है साथ ही जंगली जानवरों की जिंदगी में भी खतरा मंडरा रहा है, यमुना वन प्रभाग के कंसेरु और टौस वन प्रभाग के हुडोली, मोल्डा, मोरी, मियागाड़ के सामने और खरसाडी के पास जंगल खूब धधक रहे हैं। उधर डंडा, टकनौर, मुखेम रेंज के जंगल आग से धधक रहें हैं। इन्हीं वनों के नीचे से पेयजल योजनाएं गुजरती हैं और पेयजल लाइन का जलस्रोत भी यहीं से निकलता है। जंगलों में लगी आग से चौड़ी पत्ती वाले पेड़ों को खासा नुकसान पहुंचा है, जिससे आगामी गर्मी के मौसम में पीने के पानी का संकट और गहरा सकता है। ग्रामीणों ने जंगलों में आग लगने की सूचना वन विभाग को दे दी है और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की मांग की है। इधर, प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी डीपी बलूनी ने वन कर्मियों को आग बुझाने के निर्देश दिये है।

### हंस फाउंडेशन ने लगवाया नेत्र जांच शिविर

**उत्तरकाशी।** विकास खंड मोरी के ग्राम सभा देवजानी में द हंस फाउंडेशन माता मंगला जी ने निःशुल्क नेत्र जांच करवाई। सूदूरवर्ती क्षेत्र में हंस फाउंडेशन की वैन से ग्रामीण क्षेत्रों बुजुर्ग आदि ग्रामीणों की निःशुल्क आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे एवं आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। इस सराहनीय सेवा से क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने इस जनसेवा कार्य के लिए द हंस फाउंडेशन माता मंगला जी की पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से वीरेंद्र सिंह कोहली, डा. राजेश दौरियाल का उत्कृष्ट सेवाओं एवं संवेदनशील कार्यशैली हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वहीं ग्राम के युवाओं एवं ग्रामीणों ने इस आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले युवा नेता सुरेन्द्र लेलोटा (खेड़मी), देवजानी का भी आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

### आपदा पीड़ितों ने सीएम से की मुलाकात

**उत्तरकाशी।** बीते मानसून सीजन में यमुनोत्री स्याना चट्टी में आपदा से हुऐ नुकसान की और बाढ़ सुरक्षा कार्यों की मांग जोर पकड़ने लगी है। शुक्रवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण के नेतृत्व में यमुनोत्री क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों की मांग उठाई है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा पीड़ितों की बात को गंभीरता से सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में ज्योति प्रसाद उनियाल तीर्थ पुरोहित यमुनोत्री धाम, सोबन सिंह, मनमोहन राणा प्रधान प्रतिनिधि कुपड़ा, प्रवीन राणा रिंकू प्रधान प्रतिनिधि कुंशाला, चित्रमोहन राणा पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुपड़ा, कुपदीप रावत, यशवंत राणा, दीपिन राणा, सुनील राणा, शत्रुघ्न राणा, दिनेश राणा आदि लोग मौजूद रहे।

### अलाव के धुंए श्रमिक का दम घुटने मौत

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय से सटे चामकोट में आलाव के धुंए से एक श्रमिक का दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक बेहोश हो गये घायल श्रमिक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को चमकोट गांव से जिला परिचालन केंद्र उत्तरकाशी को सूचना मिली है कि दो मजदूर चमकोट में मजदूरी के कार्य करते हैं रात्रि में ठंड से बचाव के लिए आलाव जालाया था जिसके धुआं से दोनों श्रमिक बेहा. ेशी की हलात में पाए गए थे। पुलिस और 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से दोनों व्यक्तियों को बेहोशी की हलात में जिला चिकित्याल में लाया गया है जिसमें चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित किया गया है। जबकि दुसरे घायल व्यक्ति का जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में उपचार किया जा रहा है। मृतक का नाम प्रमोद जोशी पुत्र नत्थी प्रसाद जोशी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम बीरपुर डुण्डा तहसील डुण्डा। वहीं घायल सुरेश चन्द्र पुत्र बिंदी लाल निवासी ग्राम बीरपुर डुण्डा तहसील डुण्डा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नदी किनारे हुड़दंग मचा रहे युवकों का चालान

**कोटद्वार।** जनपद में सार्वजनिक शांति, नागरिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुख्रढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पौड़ी पुलिस द्वारा निरंतर सघन चेकिंग एवं गश्त अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार देर शाम को कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा दुगड्डा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ऐता पुल के पास कुछ युवक शराब के नशे में नदी में उतरकर शोर-शराबा व हुड़दंग करते हुए पाए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित, सजग एवं नियंत्रित कार्रवाई करते हुए सभी युवकों को सुरक्षित रूप से नदी से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच के दौरान युवकों द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि हुई।

# शिविर में 17 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जन-जन की सरकार, जन के द्वार अभियान के तहत शुक्रवार को विकासखंड रिखणीखाल की न्याय पंचायत चुरानी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य ने की। शिविर में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। शिविर के दौरान कुल 17 शिकायतें दर्ज की गयी, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत 260 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। इससे ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, कृषि, उद्यान सहित कुल 23 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने न केवल शिकायतें सुनीं, बल्कि ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य ने कहा कि सरकार की इस पहल से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव और क्षेत्र में ही किया जा रहा है। बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें मौके पर हल नहीं हो सकीं, उनका भी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेनू रावत, सहायक खंड विकास अधिकारी प्रकाश असवाल, आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा. एके मिश्रा, उप वन क्षेत्राधिकारी भगत सिंह, जेई कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल को नशामुक्त बनाने और दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में औषधि विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी और निरीक्षण की कार्यवाही लगातार जारी है।



इसी क्रम में औषधि विभाग की टीम ने बुधवार को देवप्रयाग तहसील क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया, जिससे दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सीपी नेगी और औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा के नेतृत्व में टीम ने देवप्रयाग बाजार और आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने दवा दुकानों के रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और साफ-सफाई के मानकों को परखा। इस दौरान कुछ दुकानों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किए हैं। कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए एक मेडिकल स्टोर पर पाई गई भारी खामियों के चलते मौके पर ही दवाओं की बिक्री और खरीद पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही, एक अन्य मामले में नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त या निलंबित करने की संस्तुति उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। देवप्रयाग बाजार में पुलिस बल के सहयोग से चलाए गए इस सघन अभियान के दौरान दवाओं की गुणवत्ता और उनकी वैधता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने संदेह के आधार पर चार दवाओं के नमूने भरे हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नशामुक्ति अभियान के तहत इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि जीवन रक्षक दवाओं की आड़ में नशीली दवाओं का कारोबार न पनप सके और आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। इस कार्रवाई से अवैध रूप से दवा बेचने वालों और मानकों का पालन न करने वालों में भय का माहौल है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होना जरूरी: आशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** प्रदेशभर में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जनपद रुद्रप्रयाग की 27 न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय इंटर कालेज फाटा में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

फाटा में आयोजित शिविर की अध्यक्षता विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल ने की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, उद्योग, समाज कल्याण, पंचायती राज/ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य शिविर, राजस्व विभाग, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पंजीकरण, राशन कार्ड केवाइसी, एलपीजी केवाईसी सहित विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता की गई।

शिविर के दौरान 30 से अधिक आधार कार्ड बनाए गए। 18 से अधिक किसानों के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित प्रकरणों का समाधान किया गया तथा किसानों द्वारा कृषि उपकरणों की खरीद के साथ ही अन्य योजनाओं से भी ग्रामीण लाभान्वित हुए। इसके पश्चात विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं आवेदन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत द्वारा ग्रामीणों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) तथा यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 26 मार्च 2010 के बाद संपन्न विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य है तथा सभी पात्र नागरिकों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की गई। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 65 समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी गईं, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्रामीणों द्वारा गुलदार, भालू एवं अन्य जंगली जानवरों की बढ़ती सक्रियता से उत्पन्न समस्याओं की ओर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट कराया गया।

इस पर उप वन संरक्षक रुद्रप्रयाग रजत सुमन ने बताया कि वन विभाग द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम हेतु संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त, आधुनिक उपकरणों से वन्यजीवों की मूवमेंट पर निगरानी तथा स्कूली छात्र-छात्राओं हेतु निःशुल्क वाहन सुविधा जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर माद्द मुख्यमंत्री द्वारा उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है तथा यह विषय लोकसभा में भी उठाया जा चुका है, जिससे सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इसके अतिरिक्त जुरानी से मैखंडा मार्ग की मरम्मत, भगवान की विभिन्न डोलियों के पैदल मार्गों का सुधार, नागताल झील का सौंदर्यकरण, फाटा बाजार में जल निकासी व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, सड़क, आवास, गौशालाओं एवं सौर ऊर्जा से संबंधित समस्याएं भी रखी गईं। विधायक आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशों के अनुरूप ही जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में 27 न्याय पंचायतों में ऐसे उद्देश्यपरक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में जाकर सुनना तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने, अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखने तथा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विधायक ने विश्वास दिलाया कि जनहित से जुड़ी प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलोकी, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उप वनसंरक्षक रजत सुमन, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रकाश, खंड विकास अधिकारी ऊखीमठ अनुष्का, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशीष रावत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संदीप भट्ट, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वन भूमि हस्तांतरण की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को भूमि अधिग्रहण एवं वन भूमि



हस्तांतरण से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा हेतु राजस्व विभाग, वन विभाग, बीआरओ एवं एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एसडीएम ज्योतिर्मठ को वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा सुराईथोटा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिग्रहण प्रकरण के अंतर्गत जोशीमठ-मलारी एवं कुरकुती-गमशाली मोटर मार्ग से संबंधित प्रकरणों में अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही 75 आरसीसी पीपलकोटी एवं 66 आरसीसी गौचर के भूमि अधिग्रहण प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीएफओ नंदादेवी को एसडीएम के साथ समन्वय स्थापित कर वन भूमि हस्तानंतरण से संबंधित सभी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने तथा एनएचआईडीसीएल को मलबे के समुचित निस्तारण, यात्रा से पूर्व सड़कों के चौड़ीकरण एवं मुआवजा संबंधी लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ नंदादेवी अभिमन्यु, एसडीएम ज्योतिर्मठ चंद्रशेखर वशिष्ठ, एसडीएम सोहन सिंह रांगण, बीआरओ से मेजर विवेक सोनी, एनएचआईडीसीएल से अंकित सिंह राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भटवाड़ी गांव में पुष्प वर्षा से मां की डोली का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** तल्लानागपुर क्षेत्र के ग्रामीणों की आराध्य देवी व चोपता फलासी में जगत कल्याण के लिए तपस्यारत भगवती चण्डिका की 25 वर्षों बाद आयोजित दिवारा यात्रा के भटवाड़ी गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जबकि रूमसी गांव में महिलाओं व ग्रामीणों ने दिवारा यात्रा को भावुक क्षणों के साथ विदा किया। दिवारा यात्रा के आगमन से क्षेत्र में भक्ति व आस्था का अनूठा संगम बना हुआ है। भगवती चंडिका इन दिनों उत्तर दिवारा के तहत विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दे रही है। मकर संक्रान्ति पर्व तक भगवती चंडिका की दिवारा यात्रा विभिन्न गावों का



भ्रमण कर गणेशनगर क्षेत्र पहुंचेगी। लगभग छः माह तक भगवती चंडिका चारों दिशाओ का भ्रमण करेगी तथा चारों दिशाओ के भ्रमण के बाद घर दिवारा के तहत भगवती चंडिका विभिन्न गांवों का भ्रमण करेगी व विशाल यज्ञ के साथ 25 वर्षों बाद आयोजित दिवारा यात्रा का समापन होगा। शुक्रवार को रूमसी गांव में विद्वान आचार्यो ने ब्रह्म बेला पर पंचाग पूजन के तहत अनेक पूजाएं संपंन कर देव सेनापति कुमार कार्तिकेय, तुंगनाथ बाबा व भगवती चंडिका सहित 33 कोटि देवी-देवताओं का आहवान कर आरती उतारी तथा ठीक नौ बजे भगवती चण्डिका की दिवारा यात्रा ने रूमसी गांव का नगर भ्रमण कर ग्रामीणो की कुशलक्षेम पूछकर आशीर्वाद दिया।

दिवारा यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने लाल-पीले वस्त्र व अनेक प्रकार की पूजा सामाग्री अर्पित कर विश्व समृद्धि व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। देर सांय भगवती चंडिका की दिवारा यात्रा के भटवाड़ी गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। दिवारा यात्रा समिति अध्यक्ष मानवेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि भगवती चंडिका की दिवारा यात्रा 10 जनवरी को मणिगुह, 11 खमोली, 12 मालखी, 13 को जगोठ गांवों का भ्रमण कर 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति पर्व पर रात्रि प्रवास के लिए गांव पहुंचेगी। इस मौके पर पंडित दीपक बेंजवाल, दिनेश बेंजवाल, संगीत भट्ट, उपाध्यक्ष दलवीर राणा, कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह नेगी, सते सिंह नेगी, पवन बर्त्वाल, वासुदेव सिंह, जयवर्धन राणा, विनोद रावत, राजेन्द्र सिंह राणा सहित रूमसी व भटवाड़ी गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# टिहरी के चार दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में निवासरत आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर-द्वार पर उपलब्ध कराने की मुहिम जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार निरंतर गति पकड़ रही है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को जिले की चार अलग-अलग तहसीलों और ब्लॉकों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। तहसील जाखणीधार के देवप्रयाग ब्लॉक स्थित पैन्डीखाल, धनौल्टी के जौनपुर ब्लॉक स्थित घोड़ाखुरी, कीर्तिनगर के लक्ष्मोली और टिहरी के थौलधार ब्लॉक स्थित न्याय पंचायत क्यारी में प्रशासन ने जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। इन शिविरों में ग्रामीणों ने भारी उत्साह दिखाते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान पाया।

तहसील जाखणीधार के अंतर्गत देवप्रयाग ब्लॉक की न्याय पंचायत जगधार के राजकीय इंटर कालेज पैन्डीखाल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी मो. असलम ने की। यहां ब्लॉक प्रमुख देवप्रयाग विनोद बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर कुल 404 लोगों ने पंजीकरण कराया। नोडल अधिकारी एवं जिला परिवीक्षा अधिकारी संजय गौरव ने बताया कि शिविर में 33 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 107 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और निशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। यहां प्रमाण पत्रों और अन्य सेवाओं के लिए भी आवेदन प्राप्त किए गए। उधर, तहसील धनौल्टी के जौनपुर ब्लॉक अंतर्गत न्याय पंचायत मोगी के राजकीय इंटर कॉलेज घोड़ाखुरी में भी एक विशाल शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी ने की। इस शिविर में जिला पंचायत सदस्य रामदयाल और कनिष्ठ उप प्रमुख मंजू पंवार क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि थत्यूड़ राजेन्द्र टम्टा ने जानकारी दी कि यहाँ 237 लोगों ने प्रतिभाग किया। जनता की ओर से सर्वाधिक 53 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिन पर अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। साथ ही प्रमाण पत्रों के लिए 21 आवेदन प्राप्त हुए और 162 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसी तरह तहसील कीर्तिनगर की न्याय पंचायत जखेड़ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मोली में डीएओ नरेंद्रनगर दिग्नाथ नायक की अध्यक्षता में जनता दरबार लगा। नोडल अधिकारी शिवम सिंह रावत ने बताया कि यहां 278 ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और 19 शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें से 6 का तत्काल समाधान किया गया। इन सभी शिविरों में बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बल देते हुए पात्र लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित की गईं। साथ ही समाज कल्याण, कृषि और राजस्व विभाग द्वारा डाटा अपडेशन और प्रमाण पत्र निर्गत करने की कार्यवाही भी की गई। शिविरों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### बहुउद्देशीय शिविर 13 से

**कोटद्वार।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सभी न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में 13 जनवरी को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत स्यूंसी में ट्रेडिंग सेंटर नौगांव तथा 14 जनवरी को विकासखंड थलीसैंण की न्याय पंचायत पित्रसैंण में राजकीय इंटर कालेज गंगाऊ, थलीसैंण में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथियों को शिविर स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# शिविर में समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ब्रह्मखाल/उत्तरकाशी।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत न्याय पंचायत गेवला के ब्रह्मखाल में एक जन सेवा शिविर आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर में दर्जाधारी राज्यमंत्री गीता राम गौड़, भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान और उपजिलाधिकारी देवेन्द्र शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निस्तारण किया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए, जहां कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया, जबकि कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागों को भेजने का निर्णय लिया गया। मनवीर चौहान ने प्रशासन से ब्रह्मखाल में स्ट्रीट लाइट,



महाविद्यालय में विज्ञान वर्ग की कक्षाएं, आधार केन्द्र और सफाई कर्मियों के बकाया वेतन के लिए प्रस्ताव भेजने की मांग की। इस अवसर पर पनोथ जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी चर्चा हुई, और एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया। शिविर में जल संस्थान, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, वन विभाग समेत कई विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया। राज्य मंत्री गीता राम गौड़ ने कहा कि सरकार का उद्देश्य इन शिविरों के माध्यम से जनता को लाभान्वित करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। यमुनोत्री के पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने भी सरकार के विकास कार्यों की सराहना की। शिविर में ब्लॉक प्रमुख, भाजपा नेता, प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे।

# राज्य सरकार पत्रकारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील : सीएम

**■ मुख्यमंत्री ने उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई शपथ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब, परेड मैदान, देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

मुख्यमंत्री ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब, प्रदेश की लोकतांत्रिक चेतना का सशक्त मंच है। उत्तरांचल प्रेस क्लब ने हमेशा अपनी गरिमा, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखा है। उन्होंने कहा पत्रकारिता, लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। यह सरकारों को उत्तरदायी, समाज को जागरूक और आम नागरिक को सजग करता है। स्वतंत्र, जागरूक और जिम्मेदार पत्रकारिता, सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में, सोशल मीडिया के माध्यम से फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाएँ तेजी से फैल रही हैं, ऐसे में पत्रकारों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। सही तथ्यों के साथ निष्पक्ष और जिम्मेदार रिपोर्टिंग ही समाज को भ्रम से बचा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड के पत्रकारों ने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में साहस के



साथ अपना काम किया है। उन्होंने कहा पत्रकारों की कलम में वह शक्ति है, जो समस्याओं को उजागर करने के साथ-साथ समाधान का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों की समस्याओं के प्रति संवे. दनशील है। पत्रकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, आकस्मिक सहायता एवं आवासीय योजनाओं को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ दिया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार सम्मान योजना के अंतर्गत अनेक वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया है। पत्रकार पेंशन में वृद्धि के साथ-साथ, विभिन्न जिलों से देहरादून आने वाले पत्रकारों के लिए सूचना विभाग के माध्यम से आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब के भवन निर्माण के मुद्दे को उन्होंने स्वत: ही कैबिनेट में रखा। जिस पर कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा जल्द ही यह भवन एक मॉडल भवन के रूप में बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना के अंतर्गत पत्रकार कल्याण कोष का बजट 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रत्येक क्षेत्र की भांति जनसंचार के क्षेत्र में भी अपनी एक नई पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय सिंह राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र गजेन्द्र सिंह नेगी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सोबन सिंह गुसाई, महामंत्री योगेश सेमवाल, संयुक्त मंत्री शिवेश शर्मा, मीना नेगी, कोषाध्यक्ष मनीष डंगवाल, सम्प्रेक्षक विजय जोशी एवं कार्यकारिणी सदस्य वीरेन्द्र डंगवाल शपार्थश, मनमोहन लखेड़ा, रश्मि खत्री, सुलोचना पयाल, मनोज सिंह जयाड़ा, हरीश थपलियाल, मनबर सिंह रावत, ओम प्रकाश जोशी, हिमांशु जोशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।इस अवसर पर विधायक खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल, दायित्वधारी डॉ. देवेंद्र भसीन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम जनसेवा की मिसाल: चौहान

**■ सीएम धामी के करिश्माई नेतृत्व में सेवा के एजेंडे को आगे बढा रही सरकार**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की प्रदेश मे संचा. लित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम को ऐतिहासिक और जन सेवा के लिए प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि यह राज्य में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा की सशक्त मिसाल है।प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि महज 23 दिन मे कार्यक्रम के तहत अब तक उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों में कुल 300 से अधिक शिविर का आयोजन और मौके पर ही आम जन की समस्याओं के निस्तारण पारदर्शी शासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है, जिससे वर्षों से लंबित मामलों के समाधान के साथ-साथ जनता का शासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। यह सुखद है कि इन शिविरों में 2 लाख से लोगों ने भागीदारी समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण का लाभ उठाया। कहा कि जारी आंकड़े इस बात को पुख्ता करते हैं कि सरकार जन समस्याओं को लेकर गंभीर है। 22 हजार से अधिक शिकायतों मे से 16 हजार का निस्तारण होना इस बात के लिए अहम है कि सरकार जवाब. देही के लिए प्रतिबद्ध है।

# जीविका और नंदिनी को एक एक लाख की मदद

**■ परिस्थितियों से हारी नहीं बेटियां, प्रशासन बना संबल; मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सीए और डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून** जिला प्रशासन विषम परिस्थितियों में फंसी होनहार बेटियों के लिए श्मददगारश बनकर उभरा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने शुक्रवार को दो मेधावी छात्राओं, जीविका अंथवाल और नंदिनी राजपूत को उनके सुनहरे भविष्य के लिए सीएसआर फंड से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा जीविका अंथवाल के पिता गंभीर बीमारी के कारण आईसीयू में भर्ती हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद जीविका का सपना सीए बनने का है। जिलाधिकारी ने जीविका को 1 लाख रुपये देने के साथ ही श्राइफल फंडश से लैपटॉप देने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

**डॉक्टर बनने की राह हुई आसान**

11वीं की छात्रा नंदिनी राजपूत, जिनके पिता का निधन हो चुका है, अपनी मां (आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) के संघर्षों के बीच नीट (छम्म्ज) की तैयारी कर रही हैं।

प्रशासन की इस सहायता से अब वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी कोचिंग और पढ़ाई पूरी कर सकेंगी।पिछले सप्ताह ही इन दोनों बेटियों की बाधित हो चुकी शिक्षा को प्रोजेक्ट श्नंदा-सुनंदाश के जरिए दोबारा शुरू कराया गया था।

इस मौके पर एसडीएम (न्याय) कुमकुम जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार और जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# उपाध्यक्ष तिवारी के नेतृत्व में अवैध निर्माणों पर एक्शन जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त और निरंतर कार्रवाई कर रहा है। एमडीडीए की विभिन्न टीमें अपने-अपने सेक्टरों में सक्रिय रूप से निरीक्षण कर अवैध निर्माणों पर सीलिंग तथा अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं।

वहीं एमडीडीए क्षेत्रान्तर्गत शुक्रवार को विभिन्न अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। देहरादून मालसी-मसूरी रोड, स्थित आर्यन चौधरी द्वारा किए गए अवैध निर्माण, संदीप खुराना एवं मनीष खुराना द्वारा



किये गये अवैध निर्माण के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई गई। इस पूरी कार्रवाई में संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आद. ेशानुसार सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता उमेश वर्मा, संबंधित सुपरवाइजर एवं पुलिस बल की उपस्थिति में विधिवत रूप से पूर्ण की गई।

**■ एमडीडीए ने मालसी-मसूरी रोड़ व ग्राफिक ऐरा यूनिवर्सिटी रोड़ पर की गई अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्यवाही**

इसके साथ ही अतिरिक्त देहरादून के ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी रोड स्थित यामीन एवं आमीर द्वारा अवैध व्यवसायिक निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उसे सील किया गया। यह कार्रवाई भी संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देशों पर सहायक अभियंता निशान्त कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप, नेहा एवं सुप. रवाइजर की मौजूदगी में नियमानुसार संपन्न की गई।

## प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं : तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियोजित विकास एमडीडीए की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। आम नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व एमडीडीए से स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। एमडीडीए का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि नियमों के अनुरूप सुरक्षित और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना है।

## नियमों के तहत हो रही कार्रवाई:बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता और नियमों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीमों द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाता है, तत्पश्चात नियमानुसार सीलिंग अथवा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है।

# कृषि मंत्री जोशी ने की असम के मुख्यमंत्री सरमा से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुवाहाटी/देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुवाहाटी में वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान आज असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच हिमालयी राज्यों में कृषि एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई

भेंट के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को उत्तराखंड की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं के प्रतीक स्वरूप शॉल एवं बद्रीनाथ धाम का पावन प्रसाद भेंट किया। असम के मुख्यमंत्री ने इस सद्भावपूर्ण भेंट के लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी का आभार भी व्यक्त किया।

# प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**■ टिहरी बांध विस्थापित क्षेत्र संघर्ष समिति, भाग1 पथरी हरिद्वार एवं ग्राम पंचायत आदर्श टिहरी नगर, बहादराबाद के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में टिहरी बांध विस्थापित क्षेत्र संघर्ष समिति,भागख्1

पथरी हरिद्वार एवं ग्राम पंचायत आदर्श टिहरी नगर, बहादराबाद के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार दिए जाने एवं पुनर्वास से जुड़े विषयों पर अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस सम्बन्ध में मौके पर ही जिलाधिकारी हरिद्वार एवं जिलाधिकारी टिहरी से दूरभाष पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरण में वैधानिक एवं प्रशास. निक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे विस्थापित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके।मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि टिहरी बांध परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और उनके अधिकारों का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद तथा सचिव एस. एन. पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी व ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। प्रति. निधि मंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर दिए गए निर्देशों के लिए आभार व्यक्त किया।

## एक नजर .......

## सड़क पर गिरा नोटों से भरा पर्स दून पुलिस ने मालिक को लौटाया



**देहरादून।** दून पुलिस अपनी कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ ईमानदारी के लिए भी मिसाल पेश कर रही है। ताजा मामला कोतवाली पटेलनगर का है, जहां ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही ने सड़क पर गिरे रुपयों से भरे पर्स को उसके असली मालिक तक पहुंचाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है।जानकारी के अनुसार, बीते गुरुवार (8 जनवरी) की रात बाजार चौकी (पटेलनगर) पर तैनात कांस्टेबल जयपाल को गश्त के दौरान सड़क पर एक लावारिस पर्स पड़ा मिला। सिपाही ने जब उसे खोलकर देखा, तो उसमें 7,200 रुपये की नगदी के साथ जरूरी पहचान पत्र (आईडी कार्ड) मौजूद थे।पुलिस टीम ने पर्स में मिले दस्तावेजों के आधार पर तुरंत खोजबीन शुरू की और कुछ ही घंटों में पर्स के मालिक को ढूंढ निकाला। शुक्रवार को संबंधित व्यक्ति को चौकी बुलाकर उनका पर्स और पूरी नगदी सकुशल सुपुर्द कर दी गई।

## अंकिता प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

**देहरादून।** भाजपा विधायक खजान दास ने अंकिता प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच के लिए मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है। कहा, पीड़ित परिवार की भावना का सम्मान करते लिया गया यह निर्णय भाजपा सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस तरह का झूठ और भ्रम कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा है, उसपर अब रोक लगेगी। जिस तरह तमाम अपुष्ट वीडियो के आधार पर भाजपा नेताओं को बदनाम किया जा रहा था, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। लिहाजा देश की शीर्ष जांच एजेंसी द्वारा होने वाली जांच से सच पूरी तरह सामने आ जायेगा। वहीं जोर दिया कि इस निर्णय से एक बात पुन: साबित होती है, भाजपा जनता की स्वाभाविक नेतृत्व करती है, इसलिए उनकी भावनाओं को हमेशा प्राथमिकता देती है। वहीं विश्वास जताया कि सीबीआई जांच के बाद अब कोई भी दिवंगत बेटी की आत्मा का अपमान नहीं करेगा।

## भाजपा सरकार के लिए जनभावना और जनविश्वास से बढ़कर कुछ नहीं: चमोली

**देहरादून।** भाजपा ने मुख्यमंत्री धामी द्वारा अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच की घोषणा का स्वागत किया है। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री विनोद चमोली ने कहा, सीएम ने जनता से किए वादे अनुशार पीड़ित परिवार की मंशा और जनभावना का सम्मान करते हुए सीबीआई जांच की अनुशंसा की है। क्योंकि जिस तरह विगत कई दिनों से सोशल मीडिया में आए तमाम ऑडियो वीडियो के आधार पर प्रदेश में भ्रम और अराजकता का माहौल खड़ा करने के प्रयास किया जा रहे थे। उसके मद्देनजर, राज्य में फैलाए आशंका के कुहासे को छंटाने और पीड़ित परिवार के विश्वास को कायम रखने के लिए इस जांच का निर्णय लिया गया है। लिहाजा अब इस मुद्दे को लेकर सभी राजनैतिक एवं सामाजिक पक्षों को जांच प्रक्रिया का सम्मान करते हुए अनावश्यक टीका टिप्पणी से बचना चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने जनता से पीड़ित परिवार अनुशार निर्णय लेने के वादे को पूरा किया है। वहीं पुन: स्पष्ट किया है कि भाजपा सरकार और संगठन के लिए जनता की भावना और विश्वास से बढ़कर कुछ नहीं है।

# नियम तोड़ा तो होगा केस

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**देहरादून।** शहर की सड़कों पर रफ्तार के शौकीनों और लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। एसएसपी अजय सिंह के सख्त निर्देश के बाद दून पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के गंभीर मामलों में अब सीधे मुकदमा दर्ज करना शुरू कर दिया है। क्षेत्राधिकारी विवेक सिंह कुटियाल के निर्देशन में डोईवाला पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में राज्य का पहला अभियोग पंजीकृत किया है।शुक्रवार को लालतप्पड़ चौकी प्रभारी विनय मित्तल की टीम चेकिंग पर थी। इसी दौरान नेपाली फार्म की ओर से एक टाटा टियागो कार बेहद तेज रफ्तार में गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आती दिखी। पुलिस ने वाहन रोककर जब चालक विशाल (निवासी ज्वालापुर, हरिद्वार) से पूछताछ की, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। क्षेत्राधिकारी विवेक सिंह कुटियाल ने बताया कि हाईवे पर गलत दिशा में गाड़ी चलाना न केवल खुद के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता था। इसी के दृष्टिगत पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया और चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया।सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब केवल एमवी एक्ट में चालान काटना काफी नहीं है। गंभीर मामलों में अब सीधे कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## कर्मचारी संघ की बैठक

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ व उत्तराखंड विश्व. विद्यालय कर्मचारी महासंघ की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान कर्मचारियों ने विनियमितीकरण की मांग उठाई। एसएसजे परिसर में आयोजित बैठक में परिसर में एसएसजे विवि में कार्यरत कार्मिकों को 85 पदों पर डीपीसी का लाभ करवाने की मांग की। साथ ही अल्मोड़ा परिसर में कार्यरत फार्मासिस्ट के पदनाम, कार्मिकों की समय पर डीपीसी व एपीसी संपादित किए जाने पर चर्चा की गई। यहां बैठक में महासचिव राजेंद्र सिंह राणा, कुलदीप उपाध्याय, प्रकाश चंद्र सती, देवेंद्र सिंह पोखरिया, त्रिलोक सिंह बिष्ट, जयवीर सिंह नेगी, केवलानंद पाठक, आनंद सिंह बिष्ट, अंशुमान पंत, हरीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 24 घंटे में वाहन चोर दबोचा, बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददात**

**देहरादून।** दून पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी नशे का आदी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने इस वारदात को अंजाम दिया था।8 जनवरी को थानों रामनगर डाण्डा निवासी जितेंद्र बडोनी ने थाना रानीपोखरी में तहरीर दी थी कि थानो चौक के पास से उनकी पल्सर बाइक अज्ञात चोर ने उड़ा ली है। एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष विकेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की।



## घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने भुईयां मंदिर के पास संदिग्ध बाइक सवार को रोका। जांच में बाइक चोरी की पाई गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भगवत सिंह (46 वर्ष), पुत्र आलम सिंह, निवासी ग्राम रामपुर, थाना थराली, जनपद चमोली के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि पकड़े जाने के डर से वह बाइक को जंगल में छिपाने जा रहा था।

# 11 महीने के बच्चे की बाइलेटरल कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी

**■ मैक्स हॉस्पिटल में डॉ इरम खान ने की सफलतापूर्वक दिया सर्जरी को अंजाम, पीडियाट्रिक ईएनटी केयर में बड़ी उपलब्धि हासिल**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून :** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने 11 महीने के एक लड़के की सफल बाइलेटरल कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी करके पीडियाट्रिक ईएनटी केयर में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है।

यह एडवांस्ड सर्जरी डॉ. इरम खान, सीनियर कंसल्टेंट- ईएनटी ने की, जो एडवांस्ड सुनने की क्षमता बहाल करने की प्रक्रियाओं में हॉस्पिटल की बढ़ती विशेषज्ञता को दिखाता है।

बच्चे को मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून लाया गया था, जब माता-पिता ने जन्म के पहले दो से तीन महीनों में सामान्य शारीरिक विकास और उम्र के हिसाब से विकास के पड़ावों के बावजूद, आवाज पर कोई प्रतिक्रिया न देने और बोलने के विकास में कमी देखी। डॉ. इरम की देखरेख में विस्तृत क्लिनिकल जांच की गई, जिससे बाइलेटरल गंभीर जन्मजात सेंसरीन्यूरल सुनने की कमी (जन्म से मौजूद एक गंभीर, स्थायी सुनने की समस्या, जो दोनों कानों को प्रभावित करती है) की पुष्टि हुई। कई विभागों की टीम के आकलन और माता-पिता की काउंसलिंग के



बाद, मेडिकल टीम ने एक एडवांस्ड इम्प्लांट सिस्टम का उपयोग करके बाइलेटरल कोक्लियर इम्प्लांटेशन करने का फैसला किया, जिसे नाजुक अंदरूनी कान की संरचनाओं को सुरक्षित रखते हुए सुनने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सर्जरी पूरी हो गई है, और बच्चा अब आवाज पर शुरुआती उत्साहजनक प्रतिक्रिया दे रहा है।

सर्जरी को आसान शब्दों में समझाते हुए, डॉ. इरम खान, सीनियर कंसल्टेंट ख्र ईएनटी, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ने कहा कि, "एक कोक्लियर इम्प्लांट अंदरूनी कान के खराब हिस्से को बायपास करके सीधे सुनने की नस को उत्ते. जित करके काम करता है। इस मामले में, हमने नवीनतम नई पीढ़ी के इम्चसंदज का इस्तेमाल किया जो कम से कम नुकसान के साथ सुरक्षित इलेक्ट्रोड प्लेसमेंट की अनुमति देता है, जो बहुत छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। शुरुआती हस्तक्षेप बच्चे को सुनने और बोलने का विकास करने का सबसे अच्छा संभव मौका देता है।"

डॉ. खान ने आगे कहा, "बच्चे ने सुनने की उत्तेजनाओं पर प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है, और अगले छह से सात महीनों तक संरचित श्रवण-मौखिक पुनर्वास जारी रहेगा। लगातार थेरेपी और परिवार की भागीदारी से, हम सुनने और बोलने के विकास में लगातार सुधार की उम्मीद करते हैं।

डॉ. इरम खान ने अकेले 2025 में 10 इम्प्लांट सर्जरी की हैं, जो मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून में सुनने की क्षमता बहाल करने की एडवांस्ड प्रक्रियाओं और सुनने की कमी वाले बच्चों के लिए शुरुआती हस्तक्षेप में बढ़ती विशेषज्ञता को दर्शाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून।**

पत्रांक 564/अभि०-/2025-26 दिनांक 7/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारो से उनकी श्रेणी के अनुसार 12 कार्यों हेतु निविदा बॉक्स के माध्यम से आफॅ लाईन निविदा दिनांक 03.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हों वह दिनांक 02.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निर्धारित राशि का निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि जमा कर निविदा क्रय कर सकते हैं। अन्य निविदा की विस्तृत शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।**

# जे ए पी जनशक्ति ने प्रेसवर्ता में प्रदेश एवं जनपद के स्थानीय मुद्दें उठाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक ने हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक पर निशाना साधते हुए कहा कि धर्म नगरी हरिद्वार से पाँचवी बार के विधायक बनने के बाद भी जनता के मुद्दों के साथ नहीं। मंशा देवी में जो भगदड़ मची उसमें श्रद्धांलुओं की जाने गई। 9 जनवरी को भी उस मुद्दे को दबा दिया गया उस पर क्या जांच हुई उसका पता नहीं और अब भी व्यवस्था को नहीं सुधारा जा रहा। आने वाले समय में कुम्भ में क्या इन्ही चरमराई व्यवस्था के साथ श्रद्धांलु आएंगे। अभी पुरे प्रदेश में अंकिता हत्याकांड के न्याय की बात चल रही है और धर्म नगरी के विधायक मदन कौशिक मौन है। तरुण कौशिक ने कहा कि क्या विधायक धर्म के साथ नहीं। पुरे हरिद्वार में नशे का कारोबार चल रहा उनको संरक्षण देने का काम किया जा रहा है।

राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने कहा कि अंकिता भण्डारी के न्याय के लिए हम जनता के साथ है और 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद पर हमारा समर्थन है। सरकार उत्तराखण्ड की जनता को कभी पुलिस के माध्यम से कभी अन्य बातो में उलझा रही। मुख्यमंत्री धामी जी न तो सी बी आई जाँच की बात कर रहे और न ही कोई संतोष जनक जवाब दें रहे। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। हेमा भण्डारी ने कहा कि उर्मिला सनावर नार्को टेस्ट करवाने को तैयार है तो जिन नेताओं के रिकॉर्डिंग में नाम है उनका भी नार्को टेस्ट करवाया जाए। उन्होंने कहा सी बी आई जाँच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो और राष्टपति के संरक्षण में हो। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष मो.आलिम अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चौधरी, जिला सचिव जावेद, विधानसभा अध्यक्ष ग्रामीण सावेद, युवा नेता अमन जैन मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश

■ **कूड़ा फैलाया तो कटेगा चालान, डीएम ने दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बीएचईएल टाउनशिप क्षेत्र, सिडकुल, शिवालिक नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बीएचईएल, शिवालिक नगर पालिका एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर एनआईसी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनपद को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशन में पिछले एक माह 21 दिनों से लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बीएचईएल के अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि बीएचईएल टाउनशिप, सिडकुल एवं शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्था में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत जहां-जहां कूड़ा-कचरा डंप किया गया है, उन स्थानों से तत्काल सफाई कराई जाए। साथ ही क्षेत्र में मौजूद सभी प्रकार के अतिक्रमण को तुरंत हटाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जो भी व्यक्ति खुले में अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकता पाया



जाए, उसके विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में नालों में कूड़ा-कचरा न जाने पाए, इसके लिए विशेष निगरानी एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका शिवालिक नगर को क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने एवं नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सभी अतिक्रमणों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बीएचईएल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कूड़े के उचित निस्तारण हेतु डंपिंग जोन चिन्हित करने के लिए भूमि चयन के निर्देश दिए। नगर निगम को भी निर्देशित किया गया कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए तथा जिन क्षेत्रों में कूड़ा एकत्रित है या पड़ा हुआ है, वहां से तत्काल कूड़ा हटाने की कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी. आर. चौहान, बीएचईएल कार्यकारी निदेशक रंजन कुमार, बीएचईएल महाप्रबंधक संतोष कुमार गुप्ता, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, उप मुख्य नगर अधिकारी दीपक गोस्वामी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शिवालिक नगर तारिक खान, तहसीलदार सचिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वीरगाथा 5.0 में हरिद्वार के सन्नी कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जवाहर नवोदय विद्यालय रोशनाबाद के कक्षा 10 के छात्र सन्नी कुमार को वीरगाथा 5.0 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया जाएगा।

विदित हो की गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा वीरगाथा कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत विभिन्न स्तर पर नारा लेखन, चित्रकला, भाषण तथा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता हेतु ऑनलाइन प्रविष्टि आमंत्रित की गई। जिसमें चार प्रमुख श्रेणियां कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 10 तथा कक्षा 11 से 12 थी। इसके अंतर्गत कविता लेखन, पैराग्राफ लेखन, चित्रकला एवं मल्टीमीडिया प्रस्तुति में समस्त भारतवर्ष से लगभग 6.93 लाख प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।जिसमें प्रदेश के 1.64 लाख प्रतिभागियों



जबकि जनपद से 21713 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन मोड में प्रतिभाग किया। कक्षा 9 से 10 वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय रोशनाबाद, हरिद्वार के छात्र सन्नी कुमार पुत्र विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर 25 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों में स्थान प्राप्त किया है।

छात्र की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी ने छात्र सन्नी कुमार एवं संस्थाध्यक्ष को सम्मानित किया।

आशुतोष भंडारी ने कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है कि वीरगाथा 5.0 कार्यक्रम में जनपद हरिद्वार को राष्ट्रीय स्तर पर यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनीत कुमार गुप्ता, सदर कैंतुरा, अनिल पंवार ने छात्र को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मार्गदर्शक शिक्षक विनोद कुमार ने बताया की सन्नी कुमार एक विलक्षण प्रतिभा का धनी छात्र है तथा उसके द्वारा पूर्व में भी अनेक कार्यकलापों में जनपद एवं प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

वीरगाथा 5.0 कार्यक्रम के जनपद स्तरीय नोडल डॉ. संतोष कुमार चमोला ने छात्र को बधाई प्रेषित करते हुए अवगत कराया की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए छात्र को भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में दस हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन माध्यम में संचालित वीरगाथा 5.0 कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मध्य देश भक्ति की भावना जागृत करना राष्ट्रीय एकता एवं नागरिक चेतना का विकास करना है। सुशील गैरोला प्रवक्ता SCERT, उत्तराखंड राज्य समन्वयक वीरगाथा 5.0 ने छात्र की इस उपलब्धि पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी।

खंड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद भानु प्रताप शर्मा ने छात्र कि इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य, समस्त विद्यालय परिवार एवं छात्र तथा उसके अभिभावकों को बधाई दी। राष्ट्रीय स्तर पर जनपद के विद्यालय के छात्र की इस विशिष्ट उपलब्धि में मेहराज अहमद प्राचार्य डायट, कैलाश डंगवाल उप प्राचार्य डायट, भूपेंद्र सिंह प्रवक्ता डायट, सुधीर उनियाल, आशीष रौतेला, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आवारा कुत्तों और लावारिस पशुओं को शहर की सड़कों से हटाने की मांग : व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** व्यापारियों ने महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में महापौर किरण जैसल को ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों और लावारिस पशुओं को शहर की सड़कों से हटाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि शहर में आवारा कुत्ते राह चलते लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। वहीं सड़कों पर घूमने वाले लावारिस पशुओं के कारण भी लोग चोटिल हो रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम को आवारा कुत्तों और लावारिस पशुओं को शहर की सड़कों से हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि आवारा कुत्ते और लावारिस पशु अब एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। इन पशुओं को रेस्क्यू कर पशु आवास गृह में भेजा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़कों पर घमने वाले आवारा कुत्ते अब



तक सैकड़ों लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। वहीं लावारिस पशुओं के कारण भी कई दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा भी सभी आवारा पशुओं को पशु गृहों में भेजने के आदेश पारित किए गए हैं, जिनका पालन नगर निगम को करना चाहिए। साथ ही सड़कों पर पशुओं को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. निशिथ ऐरन, राकेश जमदग्नि, सुनील मनोचा, अंशुल कंसल, सोनू चौधरी, युवराज बिष्ट, प्रीत कमल एवं मुकेश अग्रवाल शामिल रहे।

# भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेश मोर्चा पदाधिकारियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं जिला प्रभारी अनिल गोयल तथा सह-प्रभारी दीपक धमीजा, हरिद्वार महापौर किरण जैसल एवं प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी विकास तिवारी द्वारा युवा मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम भुल्लर व प्रदेश मंत्री तरुण चौहान, अनुसूचित मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजीव कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राव जमीर एवं प्रदेश मीडिया संयोजक शफी लोधा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मुनीश पाल, नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा राजवीर कश्यप, नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता संदीप सिंघानिया, नवनियुक्त गढ़वाल संयोजक ओबीसी मोर्चा डॉ. प्रदीप कुमार, किसान मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष जगपाल सैनी, नवनियुक्त सोशल मीडिया सह-संयोजक अंकुर चौधरी, नवनियुक्त प्रदेश आईटी संयोजक नितिन कुमार तथा महिला मोर्चा से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रीता चमोली व नवनियुक्त प्रदेश आईटी संयोजक रंजना चतुर्वेदी का भाजपा का पटका पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा हरिद्वार आशुतोष शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी के नेतृत्व में पार्टी नई ऊँचाइयों को छुएगी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की रीति-नीति तथा उत्तराखंड एवं केंद्र



सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है, जो सभी को साथ लेकर चलती है।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अनिल गोयल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है तथा भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित होकर अनेक लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जिन लोगों को नया दायित्व मिला है, उन्हें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को साथ लेकर विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी 2027 में पुनः सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मोर्चे का अपना विशेष महत्व है। युवा मोर्चा युवाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करता है, महिला मोर्चा महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान को बढ़ावा देता है, किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का कार्य करता है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति मोर्चा अपने समाज के बीच जाकर पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुँचाने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव चौधरी, हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, निपेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र सिंह चौहान, तेलूराम प्रधान, प्रखर कश्यप सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही

## सीडीओ ने एडीओ पंचायत के वेतन रोकने के आदेश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सीडीओ ललित ने अवगत कराया कि उनके द्वारा 9 जनवरी को जमालपुर कलां में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ग्राम में अत्यधिक कूड़ा व गंदगी पाई गई। उन्होंने अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विशेष स्वच्छता महा अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए है परन्तु इस ग्राम में फैली गंदगी से ऐसा प्रतीत होता है कि विकास खंड बहदराबाद में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा जनपद में चलाए जा रहे सफाई अभियान में कोई रुचि नहीं ली



गई है जबकि उन्हें ग्राम में सफाई व्यवस्था के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत अपने कर्त्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति सजक नहीं है एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई है। इसके दृष्टिगत सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि की संस्तुति की गई है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि अग्रिम आदेशों तक ग्राम विकास अधिकारी पंचायत का वेतन आहरित न किया जाए।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले

## हरकी पैड़ी क्षेत्र में भिखारियों और बिजली की समस्या का समाधान किया जाए : डॉ. विशाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष डा.विशाल गर्ग के नेतृत्व में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से भेंटकर व्यापारिक समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। समस्याओं के संबंध में व्यापारियों ने एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा। चर्चा के दौरान डा. विशाल गर्ग ने कहा कि हरकी पैड़ी के आसपास भिखारियों की बढ़ती संख्या से श्रद्धालुओं और व्यापारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए सत्यापन अभियान चलाकर भिखारियों को क्षेत्र से बाहर किया जाए। उन्होंने कहा कि हरकी पैड़ी पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए



हरकी पैड़ी और आसपास के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए। साथ ही सूखी नदी क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की जाए। डा.विशाल गर्ग ने ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में बॉयो टायलेट का निर्माण करने की मांग भी की। तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों और शोभायात्राओं में देवी देवताओं की वेशभूषा धारण कर नृत्य करने पर रोक लगायी जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार कश्यप व शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि व्यापारी राज्य की आर्थिकी को मजबूत करने के साथ सामाजिक सेवाओं में भी योगदान देते हैं। व्यापारियों द्वारा उठायी समस्याओं पर प्रशासन को गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए। डा.विशाल गर्ग ने बताया कि जिलाधिकारी ने व्यापारियों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार कश्यप, प्रदेश सचिव मयंक मूर्ति भट्ट, जिला अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग, तहसील अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, शहर महामंत्री विमल सक्सेना, जिला महामंत्री अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विशाल मूर्ति भट्ट शामिल रहे।

# सीएम से मिले टिहरी बांध विस्थापित

## पुनर्वास से जुड़ी समस्याएं हल करने की मांग

■ **तत्काल कार्रवाई के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** टिहरी बांध विस्थापित क्षेत्र संघर्ष समिति भाग-1 पथरी एवं ग्राम पंचायत आदर्श टिहरी नगर बहादराबाद के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। मुख्यमंत्री आवास में भेट के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार दिए जाने एवं पुनर्वास से जुड़ी समस्याएं हल करने की मांग की। मुख्यमंत्री धामी ने इस सम्बन्ध में मौके पर ही जिलाधिकारी हरिद्वार एवं जिलाधिकारी टिहरी से दूरभाष पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरण में वैधानिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई



सुनिश्चित की जाए। जिससे विस्थापित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि टिहरी बांध परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और उनके अधिकारों का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, सचिव एस. एन. पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर निर्देश जाने पर आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति से संबंधित एक असल विक्रय पत्र जो दिनांकित 6/4/2005 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नं0 1, जिल्द नं 1374/1591 पृष्ठ 315/79-82, द0न0 2898 है जो कि स्थित खसरा नंबर 184 म, क्षेत्रफल 1475 वर्गफुट जगजीतपुर मुस्तहकम, परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है।

इस संबंध में पुलिस में गुमशुदगी दर्ज की गयी है। उक्त वर्णित विक्रय पत्र का कोई दुरूपयोग नहीं किया गया है और ना ही इस असल विक्रय पत्र को किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि में बंधक रखा गया है। उक्त असल विक्रय का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग कानूनी अपराध होगा।

अभिषेक कुमार गुप्ता पुत्र श्री विजय शंकर गुप्ता निवासी आर.के, पुरम, हवेलिया झूंसी इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी D1/104 कृष्णा गार्डन, कनखल, हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार।

# स्मैक समेत दबोचा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना बुग्गावाला पुलिस ने स्मैक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे 2.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज किया है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में थाना बुग्गावाला पुलिस टीम ने मुजाहिदपुर सिकरोढा जाने वाले रास्ते के तिराहे से आरोपी सोनू पुत्र इकबाल निवासी लालवाला मजबता बन्दरजूड थाना बुग्गावाला को 2.80 ग्राम स्मैक के साथ दबोच लिया। पुलिस टीम में एसआई मनोज कुमार, हेडकांस्टेबल गोपाल कुमार व कांस्टेबल विक्रम शामिल रहे।

# स्वामी चैतन्य ने आश्रम पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया सरकार एवं प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** डॉ. स्वामी महा चैतन्य सरस्वती महाराज ने राष्ट्रभक्ति आश्रम को खुर्दबुर्द एवं अवैध रूप से कब्जाने का आरोप लगाया है। स्वामी महा चैतन्य सरस्वती महाराज ने प्रैस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि साध्वी रेणुका एवं निरंजन सुनियोजित तरीके से हरिपुर कलां स्थित राष्ट्रभक्ति आश्रम को अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। आश्रम का नाम बदलने की कोशिश भी इनके द्वारा की गई है। आश्रम की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को भी इनके द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। डा.स्वामी महा चौतन्य सरस्वती महाराज ने आरोप लगाते हुए कहा



कि निरंजन लगातार मेरे साथ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है और धमकी देकर डराता है। आश्रम की गतिविधियों में सहयोग करने वाले भक्तों के साथ भी मार पिटाई की गई। महा चैतन्य सरस्वती महाराज ने कहा कि आश्रम सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु हैं। आश्रमों में हवन, पूजन, अनुष्ठान जैसे धार्मिक कार्यो के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। लेकिन कुछ लोग स्वार्थ के चलते गलत तरीके से आश्रम को कब्जाने की नीयत से गड़बडीघ कर रहे हैं। जिससे धार्मिक क्रियाकलाप भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से भी निष्पक्ष तरीके से पूरे मामले की जांच कर आश्रम की सील खोलने की अपील की। समर्थन में पहुंची साध्वी प्राची ने कहा कि आश्रम की संपत्ति को खुर्द बुर्द नहीं होने दिया जाएगा। महिला साध्वी को इस तरह के कार्य नहीं करने चाहिए। साधु और साध्वी की कोई जाति नहीं होती है। पुलिस प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप कर स्वामी महा चौतन्य सरस्वती महाराज को न्याय दिलाना चाहिए।

# यातायात पुलिस ने आईटीसी के कर्मचारियों को नियमों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह के अंतर्गत सिडकुल स्थित आईटीसी कंपनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर कर्मचारियो को यातायात नियमों की जानकारी दी। यातायात निदेशालय के निर्देशन, एसएसपी के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक यातायात संजय चौहान एवं यातायात निरीक्षक संदीप सिंह नेगी ने आईटीसी कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, कोहरे के समय रिफ्लेक्टर बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन को निर्धारित यातायात नियमों के अनुरूप सुरक्षित रूप से चलाने, सड़क पर स्वयं एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने आदि विषयों पर ऑडियो-वीडियो माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जानकारी को अत्यंत उपयोगी एवं जीवन रक्षक बताते हुए यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने का संकल्प लिया तथा यातायात पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को रामपुर पुल के नीचे से गिरफ्तार की अपहृता को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर 2025 को वादी मुकदमा द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री की मिसिंग के संबंध में कोतवाली सहसपुर पर तहरीर दी जिसके आधार पर तत्काल कोतवाली सहसपुर में धारा 137(2) बीएनएस का दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत गुमशुदा नाबालिग की तलाश हेतु एसएसपी देहरादून द्वारा दिये गए निर्देशों पर जनपद स्तर पर सीओ विकासनगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सहसपुर के नेर्तुत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया तथा नाबालिग लड़की के दोस्तों व अन्य परिचितों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही व अथक प्रयासों से पुलिस टीम द्वारा 8 जनवरी 26 को नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकार भगाने वाले आरोपी धर्मेंद्र यादव पुत्र तालेवर यादव निवासी भोजराजपुर जिला संभल यूपी को रामपुर पुल के नीचे से गिरफ्तार कर अपृहता को सकुशल बरामद कर मुकदमे में धारा 64 बीएनएस व 5एल/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, महिला पीआरडी सीमा कंडारी, सर्विलांस टीम में कांस्टेबल आशीष शर्मा एसओजी नगर, जीतेन्द्र सिंह एसओजी देहात शामिल रहे।

# डीएम ने नंदा देवी राजजात यात्रा तैयारियों की बैठक ली

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार ने शुक्रवार को आगामी 2026 में आयोजित होने वाली श्री नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पेयजल, विद्युत, यातायात, पैदल मार्ग, हेलीपैड निर्माण के साथ ही सभी यात्री सुविधाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा तैयारियों को लेकर स्वीकृत कार्यों पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लो. निवि के अधिकारियों को देवाल-वांण सड़क पर वाहनों की सुचारु आवाजाही के लिए किए जाने वाले आवश्यक कार्यों को करने, वांण सड़क पर कार्यों की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षण कर सुधारीकरण करने और वांण में प्रस्तावित हेलीपेड निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल संस्थान और वन विभाग के अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को यात्रा के निर्जन पड़ावों पर पड़ाव अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने उरेड़ा विभाग को यात्रा के निर्जन पड़ावों पर विद्युत व्यवस्था के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ वेदनी व अन्य निर्जन पड़ावों पर सोलर प्लांट लगाने की संभावनाओं को लेकर योजना बनाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा के सुचारु संचालन के लिए प्रस्तावित प्रार्किंग निर्माण की समीक्षा करते हुए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी लेते हुए। वांण लाटू धाम, नंदकेसरी और यात्रा पड़ावों के समीप वैकल्पिक वाहन पार्किंग हेतु भूमि चयनित करने के भी निर्देश दिए।

## एक नजर

### आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के ग्राम पित्थूवाला खुर्द, चन्द्रबनी चोयला एवं पटियोवाला में आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा क्षेत्रवासियों के साथ विधिवत पूजन-अर्चन कर किया गया। यह निर्माण कार्य राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत है, जिसे लोक निर्माण विभाग के माध्यम से लगभग रुपये 207.34 लाख की लागत से पूर्ण किया जाएगा। इन आंतरिक मार्गों के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और विकास को नई गति मिलेगी। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में अजय गोयल, आशीष तोमर, मंडल उपाध्यक्ष विकास कश्यप, मंडल मंत्री नवीन झा, महेश घोष, अशोक चौहान, सागर, अनिल ढकाल, पार्षद सुमन बुटोला, मनोज पंत, अनीश भटनागर, विलोचन प्रसाद शर्मा, जगदीश रतूड़ी, जिज्ञासा भंडारी (मंडल मंत्री), लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता नवानी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### राइंका स्वीली में संस्कृत शिक्षक की मांग

**रुद्रप्रयाग।** दीपक डिमरी राइंका स्वीली सेम के संरक्षक कृष्णानंद डिमरी ने स्कूल में शिक्षकों के सृजन की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा को पत्र भी भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा कि संस्कृत विषय में अध्यापक की नियुक्ति नहीं होने से छात्र परेशान हैं। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हो रही हैं।

### डाकपत्थर भूमि अधिग्रहण का पूर्व मंत्री नवप्रभात ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** डाकपत्थर में प्रस्तावित परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कड़ा विरोध जताया है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने स्पष्ट कहा कि होटल, हॉस्पिटल, वेलनेस सेंटर, विश्वविद्यालय एवं कॉलेज जैसी निजी संस्थाओं की स्थापना के लिए सरकारी भूमि का अधिग्रहण करना पूरी तरह अनुचित है। पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि निजी संस्थाएं अपनी आवश्यकता के अनुसार स्वयं भूमि खरीदने में सक्षम हैं। ऐसे में किसानों और स्थानीय लोगों की भूमि अधिग्रहित कर निजी संस्थाओं को देना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि यह भूमि जनहित की है और इसका उपयोग सार्वजनिक तथा दीर्घकालिक विकास योजनाओं के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि उक्त भूमि का उपयोग औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए किया जा सकता है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। नवप्रभात ने यह भी कहा कि भविष्य में जब यह क्षेत्र प्रथम जिले के रूप में विकसित होगा, तब प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे के लिए यह भूमि अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पूर्व मंत्री ने सरकार से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने और स्थानीय जनता की भावनाओं व हितों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया गया तो जनआंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## भाजपा सरकार के लिए उत्तराखंड की मातृशक्ति का सम्मान महत्वपूर्णः रुचि भट्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच की घोषणा का स्वागत किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनता से किए गए अपने वादे के अनुरूप पीड़ित परिवार की भावना और जनभावना का पूर्ण सम्मान करते हुए सीबीआई जांच की संस्तुति की है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर प्रसारित विभिन्न ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से प्रदेश में भ्रम और अराज. कता का वातावरण उत्पन्न करने के प्रयास किए जा रहे थे। ऐसे में राज्य में फैली आशंकाओं को दूर करने, सत्य को स्पष्ट करने तथा पीड़ित परिवार के विश्वास को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। रुचि भट्ट ने कहा कि बीते कुछ दिनों में विपक्षी दलों ने इस संवेदनशील मामले में प्रदेश की विभिन्न महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करके अपनी घटिया सोच का परिचय दिया है। लेकिन अब सीबीआई जांच की घोषणा के बाद इस विषय पर सभी राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों को जांच प्रक्रिया का सम्मान करते हुए अनावश्यक बयानबाजी बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पीड़ित परिवार की भावना के अनुरूप निर्णय लेकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा सरकार और संगठन के लिए प्रदेश की बेटी के सम्मान, जनता की भावना और जनविश्वास से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

# जनता स्वयं को ठगा महसूस कर रहीः कुकरेती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुक. रेती के विकासनगर स्थित कैंप कार्यालय में एक सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती की गरिमामयी उपस्थिति में समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय मो. हिनी नौटियाल के नेतृत्व में दर्जनों प्रतिष्ठित एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों ने उत्तराखंड क्रान्ति दल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुक. रेती ने नव-प्रवेशी सदस्यों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आज संपूर्ण उत्तराखंड में उत्तराखंड क्रान्ति दल से जुड़ने की एक सकारात्मक और परिवर्तनकारी लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों के बाद भी उत्तराखंड की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जिन राष्ट्रीय दलों को जनता ने विश्वास के साथ सत्ता सौंपी, वे जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह किल साबित हुए हैं। कुकरेती ने कहा कि आज उत्तराखंड का जनमानस राष्ट्रीय दलों से पूरी तरह विमुख हो चुका है और अब जनता की आशा भरी निगाहें उत्तराखंड क्रान्ति दल की ओर टिकी हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड क्रान्ति दल प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं, संघर्षों और अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरेगा और राज्य को उसकी मूल भावना के अनुरूप दिशा प्रदान करेगा। केंद्रीय अध्यक्ष ने मौजूदा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, अपराध नियंत्रण, बेरोजगारी और भर्ती घोटालों जैसे हर महत्वपूर्ण मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि इन राष्ट्रीय दलों ने देवभूमि उत्तराखंड को दानव भूमि में परिवर्तित कर दिया है, जहाँ आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कुकरेती ने अं. कता भंडारी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड क्रान्ति दल पिछले तीन वर्षों से निरंतर संघर्ष कर रहा है और उसका एकमात्र उद्देश्य इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराना है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि यदि सरकार पाक-साफ है तो सीबीआई जांच से डर कैसा? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस जांच से बचने के लिए हर स्तर पर षडयंत्र रचे, जो आज किसी से छिपे नहीं हैं। आखिर वह कौन सा प्रभावशाली व्यक्ति है, जिसे बचाने के लिए भाजपा अपनी राजनीतिक साख तक दांव पर लगाने को तैयार है, जबकि पूरा उत्तराखंड आज अं. कता को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रान्ति दल के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शैलेश गुलेरी, मनोज कंडवाल, भूपेंद्र सिंह नेगी, चंदन सिंह सजवाण, मायाराम ममगाईं, नरेंद्र कुकरेती, जयकृष्ण सेमवाल, सरोज मालासी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह नेगी, सरोजनी ममगाईं, पीयूष नेगी, अनिल पंवार सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# नरेंद्रनगर में विधायक ट्राफी का भव्य समापन

## बुगाला और रणाकोट के खिलाड़ियों ने मैदान में गाड़े जीत के झंडे, कबड्डी और वॉलीबॉल में दिखी प्रतिभा




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर के खेल मैदान में विगत दिनों से चल रही विधायक चैंपियन ट्राफी का शुक्रवार को पूरे जोश और उत्साह के साथ समापन हो गया। इस खेल महाकुंभ में क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल कौशल का लोहा मनवाया। समापन दिवस पर खेले गए फाइनल मुक. ाबलों में खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंडर-19 बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बुगाला की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बनाली की टीम उपविजेता रही। वहीं, महिला कबड्डी में रणाकोट की बेटियों ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बुगाला की टीम दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वॉलीबॉल बालिका वर्ग में भी बुगाला का दबदबा रहा और उन्होंने आमपाटा को हराकर ट्राफी अपने नाम की। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने समापन समारोह के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य की रूपरेखा साझा की। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में शामिल न्याय पंचायतों के प्रदर्शन का आकलन किया जा रहा है और जो भी न्याय पंचायत अंकों के आधार पर ऑल ओवर प्रथम स्थान प्राप्त करेगी, उसे एक लाख रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। फिलहाल अंकों का परीक्षण जारी है और जल्द ही चैंपियन न्याय पंचायत के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। यह पुरस्कार राशि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी। इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि विधायक ट्राफी में विजेता रहने वाले खिलाड़ी अब अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार हैं। ये चयनित खिलाड़ी 15 जनवरी को जनपद पौड़ी गढ़वाल में आयोजित होने वाले सांसद स्तरीय खेल महाकुंभ यानी सांसद ट्राफी में तय खेल कैलेंडर के अनुसार प्रतिभाग करेंगे और अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत सहित आयोजन समिति और निर्णायक मंडल के सदस्य पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संच. ालित करने में ममता भट्ट, सुरेंद्र चौधरी, महेश गुसाई, विक्रम बिष्ट, महेश पालीवाल, नवीन रयाल, अनूप भट्ट, हेमंत और दीपक ने अहम भूमिका निभाई।

## तीन दिन से बह रही सीवर लाईन

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के तल्लीताल हरिनगर वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार ने जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष जताया है। सभासद शीतल के मुताबिक तल्लीताल हरिनगर वार्ड नंबर चार में बीते तीन दिन से सीवर लाईन क्षतिग्रस्त होने से सीवर खुले में बह रहा है जिससे तल्लीताल मस्जिद में आने-जाने वाले लोगों तथा अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। कहा कि सीवर बहने से राह चलती एक महिला भी चोटिल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कई मर्तबा मामले को लेकर जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है लेकिन अभी तक सीवर लाईन को ठीक नहीं कराया गया है। सभासद शीतल कटियार ने चेतावनी दी है कि जल संस्थान ने सीवर लाईन को ठीक नहीं किया तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगी।

# शीत पर्यटन को बढ़ाने की तैयारी

## 14 जनवरी को निम में विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव का होगा आयोजन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** पर्यटन विभाग द्वारा आगामी 14 जनवरी को एक भव्य विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन करने जा रहा है। कॉन्क्लेव के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बैठक ली। इस कॉन्क्लेव के माध्यम से सरकार पर्यटन को केवल एक सीजन तक सीमित न रखकर वर्षभर पर्यटन के मॉडल पर काम करने के प्रयास कर रही है।

कॉन्क्लेव में एसोसिएशन आफ डॉमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से देशभर के विभिन्न राज्यों से 50 टूर ऑपरेटर्स तथा उत्तराखंड के 50 लोकल टूर ऑपरेटर्स द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय होटल संगठन उत्तरकाशी और बड़कोट तथा ट्रैकिंग संगठन उत्तरकाशी और सांकरी के पंजीकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभा किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा तैयार किया जाए ताकि विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इसके साथ ही, स्थानीय समुदायों को इस उद्योग से जोड़ने के लिए होमस्टे नीति और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा। इस कॉन्क्लेव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा साहसिक खेलों को बढ़ावा देना है, जिसके तहत स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, आइस स्केटिंग और विंटर ट्रेकिंग के लिए नए ट्रैक और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी, पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार, निम रजिस्ट्रार विशाल रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिविर में राशनकार्ड सही करवाए



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को नैनीताल जिले के विकास खण्ड रामगढ़ में पहुंचकर राशन कार्ड ऑनलाइन शिविर लगाया। इस मौके पर विकास खंड रामगढ़ के विभिन्न ग्राम पंचायतों से ग्रामीणों द्वारा शिविर में पहुंचकर राशन कार्ड से संबंधित कार्य करवाए। इस दौरान अधि. कतर राशन कार्ड में विवाह होने पर महिलाओं के नाम दर्ज करने और बच्चों के जन्म होने पर नाम दर्ज करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर बिष्ट द्वारा शिविर में उपस्थित जनप्रति. निधियों और क्षेत्रीय जनता से अपील की कि सभी राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों की अनिवार्य रूप से संबंधित उचित दर विक्रेता की दुकान में राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जाकर 30 जनवरी 2026 शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवा लें।

## सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया विजन से प्रेरितः डा. रावत

### विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष व सांसद राज्यसभा के तत्वाधान में खेल, शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव जनपद/संसदीय क्षेत्र मे विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी ग्राउंड, पवेलियन ग्राउंड, देहरादून मे हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल व विधायक खजान दास ने किया। कार्यक्रम मे वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, पिठू, एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर) आदि की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें विभिन्न ब्लाक स्तर की विजेता टीमो ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री डा. रावत ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से देहरादून में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय फलक पर चमकने का अवसर प्रदान किया जायेगा।उन्होने कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया विजन से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से फिट, अनुशासित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। डा. रावत ने कहा कि यह खेल महोत्सव प्रतिभाओं को गांव-गांव से आगे लाता है। इससे न केवल युवाओं में खेल भावना और अनुशासन बढ़ता है, बल्कि ऊर्जा और राष्ट्रनिर्माण का उत्साह भी पैदा होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा अपनी प्रतिभा से जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।



डा. नरेश बंसल ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य गांव-गांव की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है व खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है। आज भारत विश्व पटल पर खेलों में नई पहचान बना रहा है, जो प्रधानमंत्री की खेलों के प्रति विशेष रुचि और खेल बजट में बढ़ोतरी का परिणाम है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें बड़ा प्रोत्साहन दिया है।डा. नरेश बंसल ने कहा कि अलग-अलग खेलों के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, युवा कल्याण अधिक. ारी प्रमोद पाण्डे, अपर परियोजना निदेशक सोनम गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र भण्डारी आदि अधिकारी, कोच व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# नवोदय के पूर्व छात्रों ने पेश की संवेदना और दोस्ती की मिसाल



**बणसू, जाखधार निवासी स्व. उपेंद्र रावत की आकस्मिक मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी उठाने आगे आया नवोदय एलुमनाई संगठन'**

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के जवाहर नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों के संगठन उत्तराखंड जवाहर नवोदय विद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन ने सामाजिक सरोकार, मानवीय संवे. दना और आजीवन मित्रता का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। संगठन ने जवाहर नवोदय विद्यालय, रुद्रप्रयाग के दिवंगत पूर्व छात्र स्व. उपेंद्र रावत की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात उनके परिवार को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित करने की ठोस जिम्मेदारी भी अपने कंधों पर ली है। गौरतलब है कि बणसू, जाखधार निवासी स्व. उपेंद्र रावत की असामयिक मृत्यु से उनका परिवार गहरे आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया था। इस कठिन समय में न्ज्ञश्रछ।। के पूर्व छात्रों ने आपसी सहयोग से दो लाख 27 हजार की धनराशि एकत्रित कर परिवार को चेक के माध्यम से सौंपी, जिससे परिवार को तत्काल राहत मिल सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, नवल किशोर जगवान, सतवीर, नवप्रभात उपेंद्र के परिवार से मिलने पहुंचे थे। संगठन द्वारा केवल एकमुश्त आर्थिक सहायता तक ही सीमित न रहते हुए यह निर्णय भी लिया गया कि स्व. उपेंद्र रावत के दोनों बच्चों की कक्षा 12वीं तक की शिक्षा का पूरा खर्च तथा उनकी छोटी बहन की पढ़ाई की जिम्मेदारी पूर्व छात्र स्वयं वहन करेंगे, ताकि परिवार के बच्चों की शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो। इसके अतिरिक्त एसोसिएशन ने दिवंगत उपेंद्र रावत की पत्नी एवं उनके भाई के लिए उपयुक्त रोजगार की व्यवस्था कराने का भी आश्वा. सन दिया है, जिससे परिवार आत्मनिर्भर बन सके। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष सत्यदीप शाह' ने कहा नवोदय विद्यालय हमें केवल शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि जीवन भर निभने वाले रिश्ते और जिम्मेदारी का भाव भी सिखाता है। उपेंद्र हमारे साथी, हमारे भाई थे। उनके असमय जाने के बाद उनके परिवार को अकेला छोड़ देना नवोदय संस्कारों के खिलाफ है। संगठन यह सुनिश्चित करेगा कि उनके बच्चों की शिक्षा, परिवार की आजीविका और भविष्य सुरक्षित रहे। वहीं महासचिव अंचला असवाल' ने कहा यह सहयोग केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि एक परिवार द्वारा दूसरे परिवार का हाथ थामने का भाव है। नवोदय के पूर्व छात्र संकट की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। स्व. उपेंद्र रावत के परिवार को यह भरोसा दिलाया गया है कि वे कभी अकेले नहीं हैं।

### समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण पेश किया

**रुद्रप्रयाग।** बणसू, जाखधार के ग्राम प्रधान सुबोध सिंह राणा सहित अन्य कई ग्रामीण इस मौके पर पूर्व छात्रों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा उठाया गया यह कदम यह दर्शाता है कि नवोदय विद्यालयों से निकले छात्र आज भी सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग हैं और आपसी एकजुटता के साथ समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। यह पहल न केवल जरूरतमंद परिवार के लिए संबल बनी है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा है कि संवेदना और सहयोग से कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है। छात्रों के इस प्रयास को नवोदय विद्यालय के शिक्षकों ने भी स्वागत योग्य बताते हुए अपना सहयोग दिया।

